भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2547

दिनांक 16 दिसम्बर 2025 / 25 अग्रहारण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

लक्षद्वीप में सरकारी प्रेस

†2547 श्री हमदुल्ला सईदः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार वर्तमान में लक्षद्वीप में अवसंरचना, मानव संसाधन और उत्पादन क्षमता की कमी का सामना कर रही सरकारी प्रेस को समुन्नत करने और आधुनिक बनाने की तत्काल आवश्यकता से अवगत है;

(ख) क्या सरकार का आधिकारिक दस्तावेजों की प्रभावकारिता, सटीकता और समयबद्ध मुद्रण में सुधार करने के लिए आधुनिक मुद्रण प्रौद्योगिकी, ई-गवर्नेस-संगत प्रणालियों और उन्नत उपकरणों सहित डिजिटलीकरण उपायों को लागू करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो प्रस्तावित पहलों का ब्यौरा क्या है और इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है; और

(घ) क्या लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन ने सरकारी प्रेस के उन्नयन और डिजिटल रुपांतरण के लिए केंद्र से वित्तीय या तकनीकी सहायता मांगी है और यदि हां, तो इस संबंध में की-गई-कार्रवाई का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ): संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप प्रशासन ने सूचित किया है कि संघ राज्यक्षेत्र के सरकारी प्रेस में प्रशासन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त अवसंरचना, मानव संसाधन और उत्पादन क्षमता है। प्रेस पहले से ही आधिकारिक दस्तावेजों के मुद्रण के लिए, आधुनिक मशीनों और डिजिटल तकनीक का उपयोग कर रहा है। ई-राजपत्र अधिसूचना के कार्यान्वयन के लिए भी पहल की गई है।

*****